मूर्ति विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर-ट्राली से गिरकर युवक की मौत

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गगहा थाना क्षेत्र नर्रे बुजुर्ग गांव में मूर्ति विसर्जन के लिए निकली ट्रैक्टर-ट्राली के दौरान हुए हादसे में एक युवक की जान चली गई। ट्राली से गिरकर उसके नीचे दबने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

जिस घर में कुछ देर पहले तक खुशियां थीं, वहां मातम पसर गया। हादसे ने एक गरीब परिवार की जिंदगी में ऐसा अंधेरा कर दिया, जिसकी भरपाई शायद कभी नहीं हो सकेगी। घटना नर्रे बुजुर्ग गांव की है। मृतक की पहचान गांव निवासी विजय मौर्य उम्र (20) वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम को विजय मूर्ति विसर्जन के लिए निकली ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार था। घर वापस लौटते वह ट्राली से नीचे गिरकर उसके पहिये के नीचे दब गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन - फानन में परिजन ग्रामीण उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में



कोहराम मच गया। इस मामले में विजय के पिता ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही शैलेश गुप्ता पुत्र रामवृक्ष गुप्ता पर लापरवाही से ट्रैक्टर-ट्राली चलाने का आरोप लगाया है। पिता का आरोप है कि ट्रैक्टर-ट्राली को लापरवाही पूर्वक चलाने के कारण यह हादसा हुआ। जिसमें उनके बेटे की जान चली गई। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। **मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं पिता** विजय का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। उसके पिता मजदूरी करके किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। परिवार को बेटे से काफी उम्मीदें थीं। विजय घर का इकलौता बेटा होने के कारण माता-पिता का सहारा था। दो बहनों के बीच वह अकेला भाई था। उसकी असमय मौत ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। जिस बेटे के सहारे माता-पिता भविष्य की उम्मीद लगाए बैठे थे, उसकी मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। दो बहनों के सिर से उठा भाई का साया विजय की दो बहनें हैं। इनमें एक बहन राजन की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी बहन खुशबू की शादी अभी नहीं हुई है। भाई की मौत की खबर सुनकर दोनों बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां अपने इकलौते बेटे को याद कर बार-बार बेसुध हो जा रही हैं। घर में हर तरफ चीख-पुकार और मातम का माहौल है। परिजनों का दर्द देखकर वहां मौजूद लोगों की भी आंखें नम हो जा रही हैं। एक हादसे ने उजाड़ दिया पूरा परिवार ग्रामीणों के मुताबिक विजय परिवार का लाडला था। घर की सारी उम्मीदें उसी से जुड़ी थीं। पिता मजदूरी करके परिवार की जरूरतें पूरी करते थे बेटे के भविष्य को लेकर सपने संजोए हुए थे। लेकिन मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए इस हादसे ने परिवार की सारी खुशियां छीन लीं। अब परिवार के सामने बेटे खोने का असहनीय दुख: ,भविष्य की चिंता दोनों खड़ी हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिला ने की मांग की है। वहीं, पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दिया है। जब इस संदर्भ में थाना प्रभारी गगहा राजकुमार सरोज से पूछा तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी है शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है मुकदमा भी पंजीकृत कर दिया गया है।

◆पिता ने गांव के ही युवक पर लापरवाही से ट्रैक्टर-ट्राली चलाने का लगाया आरोप◆थाने में दी तहरीर◆परिवार का बुझा इकलौता चिराग

धान की फसल जलाने का आरोप

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल सरया बेलवरिया में डेढ़ बीघा खेत में खड़ी धान की फसल को जबस्ती जला देने का आरोप लगाते हुए राजेश कुमार उपाध्याय ने गांव के दो दबंगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने इस मामले में सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम जंगल सरया बेलवरिया निवासी राजेश कुमार उपाध्याय पुत्र सुरेन्द्र उपाध्याय ने अपने तहरीर में लिखा है कि गांव में महेंद्र यादव पुत्र संतराम यादव,पंकज यादव पुत्र महेंद्र



यादव के घर के सामने खेत है। जिसमें धान की फसल बोई गई है। जो पक चुकी है। यह दोनों लोग जबरदस्ती मेरे धान की पसल में आग लगा दियें। जिससे मेरा डेढ़ बीघा फसल जल गया है। जब इस बात का उलाहना देने इन दोनों के घर गए तो यह लोग गाली गलौच करने लगे। गोली मारने की धमकी देने लगे। डर बस चले आए। यह लोग दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। उचित कार्रवाई करने की कृपा। मामले में गोला पुलिस ने दो के खिलाफ बी एस एन एल की धारा 326 (1) 352, 351(2)में केस दर्ज कर अगली करवाई शुरू कर दिया है।

नाराज पति ने पत्नी पर फेंका ज्वलनशील पदार्थ,केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के खरैला में किराए के मकान में रह रही विवाहिता जो सब्जी खरीदने जा रही थी, उसी दौरान नाराज पति ने उसके चेहरे पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। जिससे उसका चेहरा झुलस गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मधु देवी पत्नी राहुल निवासी कटवार मझाड़ी थाना बांसगांव, गीडा थाना क्षेत्र के खरैला में किराए के मकान में पति के साथ रहती है। दो दिन से पति से विवाद चल रहा था। वह बगल में अलग कमरे में रह रही थी। 11 नवंबर को शाम को वह सब्जी खरीदने जा रही थी, उसी दौरान नाराज पति ने उसके चेहरे पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। जिससे उसका चेहरा झुलस गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति राहुल के खिलाफ ज्वलनशील पदार्थ फेंकने का केस दर्ज कर लिया है।

युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा,मौत

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के सहबाजगंज के पास बाइक से जा रहे युवक को पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक नीचे गिर गए। उसी दौरान आगे से आ रही अज्ञात वाहन ने युवक को रौंद दिया, जिसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक के मामा की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक और अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार संजीव कुमार यादव पुत्र त्रियुगी निवासी अजगरा थाना बखिरा जिला संतकबीरनगर का भांजा राहुल यादव 6 नवंबर को शाम 7 बजे अपने मित्र कुनाल यादव के साथ बाइक पर सवार होकर गैलेंट इस्पात जा रहा था। उसी दौरान जिगिना ओवरब्रिज के पास पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों फोरलेन पर गिर पड़े। इसी दौरान तेज गति से आ रही अज्ञात वाहन ने राहुल यादव को रौंद दिया और फरार हो गया। घायल स्थिति में उसे सीएचसी सहजनवां लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के मामा संजीव कुमार यादव पुत्र त्रियुगी की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक और अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

विधायक ने अग्नि पीड़ित दुकानदार से मिलकर बधाया ढांढस

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने गुरुवार को घघसरा कस्बे में अग्निकांड के पीड़ित दुकानदार विजय कुमार से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए डीएम से बात कर पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। गौरतलब है कि मंगलवार की देर रात घघसरा कस्बे में स्थित विजय इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई थी। आग में दुकान के अंदर रखा 50 लाख रुपये से अधिक का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया था। सूचना पर पहुंची चार दमकल गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था। इस दौरान चेयर मैन प्रभाकर दुबे, वरिष्ठ व्यापारी कृष्ण मोहन कसौधन, पूर्व प्रधान रमेश मद्धेशिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



फर्जी भारतीय पहचान के सहारे 21 साल से रह रही थी इंडोनेशियाई महिला,सोनौली सीमा पर गिरफ्तार

सोनौली (महराजगंज)। (आज) भारत-नेपाल की सोनौली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर इमिग्रेशन विभाग ने फर्जी भारतीय पहचान के सहारे भारत में रह रही एक इंडोनेशियाई महिला को गिरफ्तार किया है। महिला वर्ष 2005 में भारत आई थी। आरोप है कि उसने पहचान छिपाकर ली किम लियन नाम से वोटर आईडी, आधार और पैन कार्ड सहित कई सरकारी दस्तावेज बनवा लिए थे। उसके पास से इंडोनेशियाई पासपोर्ट के अलावा चीन और जापान के वीजा भी बरामद हुए हैं। मंगलवार 10 नवंबर की शाम करीब 7:30 बजे महिला नेपाल के लुंबिनी जाने के लिए सोनौली इमिग्रेशन कार्यालय पहुंची। नेपाल जाने की प्रक्रिया के दौरान उसने अधिकारियों को भारतीय वोटर आईडी कार्ड दिखाया। कार्ड पर नाम ली किम लियन और जन्मतिथि 29 जून 1975 दर्ज थी। हालांकि, महिला की हिंदी बातचीत और हावभाव पर संदेह होने के बाद अधिकारियों ने गहन पूछताछ की। इस दौरान उसने अपना इंडोनेशियाई पासपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसमें उसका नाम रोहाना और जन्मतिथि 20 अक्टूबर 1970 दर्ज मिली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला वर्ष 2005 से भारत में रह रही थी। इस दौरान उसने कथित तौर पर फर्जी पहचान के



आधार पर भारतीय दस्ता वेज तैयार करवा लिए। उसके पास मौजूद इंडो नेशियाई पास पोर्ट 11 अगस्त 2033 तक वैध है, जबकि मल्टीपल एंट्री रोजगार वीजा की वैधता नौ नवंबर 2026 तक थी। जांच में यह भी पता चला कि महिला भारत में रहने के दौरान चीन, जापान और ताइवान सहित कई देशों की यात्रा कर चुकी है। नवंबर 2025 में वह चीन से भारत लौटी थी। पूछताछ में कोलकाता में एक एनजीओ के माध्यम से फो कुआंग शान कलकत्ता बुद्धिस्ट सेंटर का संचालन करने और उसकी अध्यक्ष होने की जानकारी भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि वह लद्दाख निवासी जिगमत पल्जोर के संपर्क में थी और भारतीय बौद्ध भिक्षुओं की चीन यात्रा के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराती थी। हालांकि, उसके संपर्कों, गतिविधियों की वास्त विक भूमिका की जांच की जा रही है। इमिग्रेशन विभाग ने महिला को आगे की कार्रवाई के लिए सोनौली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि 11 नवंबर की रात 11:59 बजे महिला के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, उनका असली के रूप में इस्ते माल करने तथा आव्रजन एवं विदेशी नागरिकों से संबंधित कानूनों के उल्लंघन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस महिला के भारत में रहने की अवधि, फर्जी दस्तावेजों के निर्माण, विदेश यात्राओं और उसके संपर्कों की विस्तृत जांच कर रही है।

◆2005 में भारत आई महिला ने बनवा लिए थे वोटर आईडी, आधार और पैन कार्ड◆चीन-जापान समेत कई देशों की कर चुकी है यात्रा

छठ घाटों की तैयारियों का उप निदेशक पंचायत ने लिया जायजा

सहजनवां (गोरखपुर)। पिपरौली ब्लॉक के खानिमपुर शिव मंदिर स्थित छठ घाट पर गुरुवार को उप निदेशक पंचायत गोरखपुर मंडल हिमांशु शेखर ठाकुर ने छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप निदेशक ने घाट की साफ-सफाई, पानी की गहराई, आने-जाने वाले रास्ते और प्रकाश सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के एक-एक बिंदु का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि छठ पर्व से पहले घाट की पूरी तरह से साफ-



सफाई करा ली जाए, जिससे व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गहरे पानी के किनारे बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम और पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नन्हें सिंह ने कहा कि छठ महापर्व आस्था का प्रतीक है और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होते हैं। इसलिए सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। सरकार भी छठ घाटों को खूब सुंदर सजाने-संवारने में लगी है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव अजय जायसवाल, नन्हें सिंह, विपिन सिंह, सतीश मौर्य, धीरेन्द्र सिंह, सुनील रामप्रीत, संजीव कुमार, विनोद, योगेंद्र सहित कई सफाई कर्मी और ग्रामीण मौजूद रहे।

फर्जी यूपीआई पेमेंट दिखाकर व्यापारी से 4200 रुपये की ठगी

बड़हलगंज (गोरखपुर)। त्योहारों की भीड़ का फायदा उठाकर साइबर ठग अब व्यापारियों को निशाना बना रहे हैं। दीपावली के दिन एक युवक ने फर्जी यूपीआई पेमेंट स्क्रीन दिखाकर दुकानदार से करीब 4200 रुपये का सामान ले लिया और बिना भुगतान किए फरार हो गया। बैंक खाते में रकम नहीं पहुंचने पर व्यापारी को ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज के साथ बड़हलगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के लालगंज निवासी सत्य प्रकाश चौरसिया की थाने के बगल में मेन रोड



पर प्रकाश ट्रेडर्स नाम से दुकान है। सत्य प्रकाश के अनुसार, दीपावली के दिन दुकान पर ग्राहकों की काफी भीड़ थी। इसी दौरान एक युवक ने करीब 4200 रुपये का सामान खरीदा। भुगतान के लिए उसने यूपीआई का इस्तेमाल करने की बात कही और मोबाइल पर पेमेंट सफल होने की स्क्रीन दिखा दी। त्योहार की भीड़ के चलते दुकानदार ने तत्काल खाते में रकम आने की पुष्टि नहीं की। इसका फायदा उठाकर युवक सामान लेकर वहां से चला गया। बाद में बैंक खाते का विवरण देखने पर पता चला कि खाते में कोई रकम नहीं आई है। इसके बाद दुकानदार ने दुकान में लगे।

सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो उसमें आरोपित की तस्वीर और उसकी गतिविधियां कैद मिलीं। पीड़ित ने फुटेज के आधार पर थाना प्रभारी को लिखित तहरीर देकर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

◆सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई आरोपी की तस्वीर, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

जीडीए प्रशिक्षण बेटियों के लिए वरदान से कम नहीं-राजेश त्रिपाठी

गोलाबाजार (गोरखपुर)। ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार से जोड़ने की दिशा में गोला उपनगर के वार्ड नंबर 6 चिकनिया में स्थित श्री शंकर जी सेवा संस्थान के द्वारा गुरुवार को संस्थान परिसर में डीडीयू-जीकेवाई के अंतर्गत हेल्थ केयर सेक्टर के जनरल ड्यूटी असिस्टेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि चिल्हूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि यह कार्यक्रम बेटियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। तीन माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बेटियों के



लिए नर्सिंग और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। भारत सरकार के साथ जिन देशों का समझौता है, वहां से लगातार प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की मांग हो रही है। प्रशिक्षित बेटियां विदेशों में भी लाखों रुपये के पैकेज पर नौकरी प्राप्त कर सकती हैं। वर्तमान समय में हजारों लोग इस तरह का प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार हासिल कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रशिक्षण के दौरान भोजन, रहने, ड्रेस, मेडिकल उपकरण सहित सभी आवश्यक सुविधाएं नि: शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। संस्थान के प्रबंधक विजय शंकर पांडेय ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं एवं युवतियों को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में दक्ष बनाकर आत्मनिर्भर करना है। योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों को तीन माह का नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें भोजन, आवास, ड्रेस और किताबों की व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगी। प्रशिक्षण पूरा होने पर भारत सरकार की ओर से प्रमाणपत्र दिया जाएगा। साथ ही कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए 12वीं पास 18 से 35 वर्ष की युवतियां आवेदन कर सकती हैं। कार्यक्रम में आचार्य वेद, विजय शंकर पांडेय विद्याधर पाण्डेय, प्रोजेक्ट हेड राम आशीष पांडेय, सेंटर मैनेजर राजेंद्र प्रताप पांडेय, विनोद मिश्रा, डॉ. सीके निगम, आशीष पांडे रामसहाय, प्रमिला निगम, जान्हवी भारती, शशि यादव, राहुल तिवारी अभिषेक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

◆श्री शंकर जी सेवा संस्थान में तीन माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारम्भ◆प्रशिक्षण के बाद देश-विदेश में रोजगार के मिलेंगे अवसर

20 घंटे बाद भी लापता युवक का नहीं मिला सुराग

धानीबाजार (महराजगंज)। धानी क्षेत्र के रासी नदी में मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबे युवक का 20 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल सका है। सुबह सात बजे से एसडीआरएफ एन डीआरएफ व एसएसबी की टीम नदी में उतरकर युवक की तलाश में जुटी हुई है।

घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार बृजमनगंज थाना क्षेत्र के नौसागर निवासी रमेश पुत्र रामदवन उम्र लगभग 30 साल बुद्धवार की रात गांव में स्थापित मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के लिए रासी नदी पहुंचे थे। रात करीब 8:30 बजे विसर्जन के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नदी में गिरकर डूब गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही एडिसन एसपी एसडीएम प्रेम शंकर पांडेय, सीओ दीप शिखा वर्मा, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा जिला पंचायत प्रतिनिधि राहुल शर्मा अविनाश सिह सहित तमाम लोग मौके पर पहुंचे। प्रशासन की ओर से गोताखोरों की मदद से तलाश कराई गई। लेकिन कही पता नही चल सका। इसके बाद गुरुवार सुबह सात बजे से एसडीआरएफ एसएसबी व एनडी आरएफ की टीम ने रासी नदी में सर्च ऑपरेशन सुबह से ही सर्च अभियान शुरू कर दिया। प्रशासनिक टीम की निगरानी में नदी में लगातार तलाश जारी है देर शाम खबर लिखे जाने तक सर्च अभियान चल रहा था।

◆तीन टीम कर रही तलाश,रासी नदी में लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबा था युवक◆सुबह सात बजे से नदी में सर्च ऑपरेशन जारी

भाजपा धानी मंडल की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

धानीबाजार (महराजगंज)। विकास खण्ड धानी के भाजपा कार्यालय पर धानी मंडल की संगठनात्मक बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विधानसभा प्रभारी डा.आर.डी. सिंह, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा विवेका पाण्डेय, जिला महामंत्री मधुर सिंह, मंडल अध्यक्ष नीतेश मिश्रा, योगेंद्र तिवारी, पूर्वमंडल अध्यक्ष उमेश तिवारी गुलाब चौरसिया महामंत्री चंदन मद्धेशिया, अवधनारायण अग्रहरि सहित पार्टी पदाधिकारी, शक्ति संयोजक, प्रभारीगण और बड़ी संख्या में समर्पित कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं उपस्थित लोगो को सम्बोधित होते हुऐ पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिह ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्य कर्ताओं की मेहनत और बूथ स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका से ही संभव है। संगठन सर्वोपरि की भावना के साथ बूथ को मजबूत बनाने, राष्ट्र सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।



◆बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर दिया गया जोर

महर्षि विश्वामित्र की मनाई गई जयंती

गोलाबाजार (गोरखपुर)। चंद फाउंडेशन गोरखपुर एवम अखिल क्षत्रिय महासभा गोरखपुर द्वारा सयुंक्त रूप से आयोजित विश्वामित्र जयंती समोरह ग्राम पोखरी, गोला गोरखपुर में महर्षि विश्वामित्र की जयंती गुरुवार को मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश चंद एवं संचालन डॉक्टर अभय कुमार चंद ने किया। कार्यक्रम में बंशी चंद डिग्री कॉलेज के संरक्षक रण विजय चंद, बुद्धा हॉस्पिटल एवम ट्रामा सेंटर के डायरेक्टर डॉ एस सी कौशिक, चंद फाउंडेशन के संरक्षक प्रो अभय चंद, अवनीश सिंह, गिरजेश शाही गोला तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष, इंद्रजीत पांडे, विभ्राट चंद कौशिक, सौरभ चतुर्वेदी एवम अखिल क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता कालिका



सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री रणबीर सिंह द्वारा ब्रह्मृषि विश्वामित्र जी के मूर्ति पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम प्रारंभ कर उनके विचारों पर प्रकाश डाला गया। प्रो अभय चंद ने बताया कि आज के समय की मांग शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर ध्यान देने की आवश्यकता है। डॉक्टर एस सी कौशिक ने कहा कि स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है, कालिका सिंह एवम रणबीर सिंह ने बताया कि क्षत्रिय एवम समाज के अन्य वर्ग के लोग आदि काल से समावेशी समाज में रहते आए हैं, सौरभ चतुर्वेदी एवम इंद्रजीत पांडे ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर विचार व्यक्त किए, रवींद्र सिंह ने खेल कूद में एवम शिक्षा के क्षेत्र में युवाओ के योगदान के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ राणा सिंह प्राचार्य-बंशी चंद डिग्री कॉलेज ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह गोरखपुर मंडल संरक्षक शंभू सिंह श्रीनेत, संजय कुमार सिंह अंकुर चंद सहित बहुत से लोग उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार बस का कहर,बाइक सवार पति की मौत,पत्नी-बच्चा गंभीर

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के कसरवल के पास अनियंत्रित बस ने बाइक से घर जा रहे दंपति और बच्चे को रौंद दिया। जिसमें पति की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं पत्नी और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली जिला संतकबीरनगर के लकाड़ी निवासी परमात्मा यादव पुत्र सीताराम यादव (48) दो दिन पूर्व अपनी पत्नी बंगीता और 4 वर्षीय बेटे सूर्यांश के साथ ससुराल चिलुआताल थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गया था। गुरुवार को तीनों एक बाइक पर सवार होकर घर के लिए निकले। अपराह्न 3 बजे के करीब वह कसरवल गांव के पास पहुंचा था कि गोरखपुर से दिल्ली जा रही अनियंत्रित प्राइवेट बस ने तीनों को रौंद दिया। जिसमें परमात्मा यादव की मौके पर ही मौत हो गई और पत्नी बंगीता व बेटा सूर्यांश घायल हो गए। सीएचसी सहजनवां में मां-बेटे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और बस व उसके चालक को भी कब्जे में ले लिया है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। इसके तीन बेटी और एक बेटा है। इस संदर्भ में थानेदार संजय कुमार मिश्र ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और बस व उसका चालक पुलिस हिरासत में है।

तहसीलदार और एडीओ पंचायत ने किया छठ घाट का निरीक्षण

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां तहसीलदार ने अपनी टीम के साथ आधा दर्जन छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। कहा कि पूजा स्थल की साफ-सफाई के साथ-साथ सीसी टीवी कैमरा भी लगाएं, ताकि बेहतर सुरक्षा का माहौल मिले। असामाजिक तत्वों पर भी निगरानी हो सके। तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार राम सूरज प्रसाद, एडीओ पंचायत सहजनवां रामधारी प्रसाद ने हाईवे के किनारे स्थित भीटी रावत पोखरे पर हो रही साफ-सफाई और सुरक्षा से संबंधित कार्यों का जायजा लिया। यहां पर सीसीटीवी कैमरा के अलावा लाइटिंग की पुख्ता व्यवस्था करने का निर्देश दिया और पोखरे में उतरने के लिए सीढ़ी का प्रबंध करने का निर्देश दिया। और गहरे पानी में जाने से बचने के लिए संकेतक भी लगाने को कहा। इसके अलावा उन्होंने कटाईटिकर तथा कुआवल आमी नदी पुल पर छठ पूजा वाले स्थान, नगर पंचायत पिपरा, कसरवल टेकुआपाती, जगदीशपुर, बनगावा आदि छठ घाटों का निरीक्षण करते हुए सभी जगहों पर सुरक्षा और व्रतियों व श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा की व्यवस्था देने का निर्देश दिया।



और असामाजिक तत्वों से सचेत रहने के साथ-साथ नदी वाले घाटों के जिम्मेदारों को विशेष रूप से सजग रहने को कहा। मौके पर ग्राम प्रशासक वंशी यादव, प्रशासक प्रतिनिधि गुड्डू उपाध्याय, प्रशासक जितेंद्र, प्रशासक संजय कु., ग्राम प्रशासक प्रतिनिधि बृजभान तथा ग्राम प्रशासक कटाईटिकर कालिंदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बाइक खड़ा करने की बात को लेकर घर में घुसकर पीटा,केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के अडीलापार में 10 नवंबर को बाइक खड़ी करने की बात को लेकर मनबढ़ों ने घर में घुसकर पीड़ित और उसके परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अडीलापार निवासी कन्हैया लाल पुत्र राम सावर गुप्ता अपनी बाइक को घर के सामने खड़ी किए थे। उसी विवाद को लेकर मनबढ़ कुदाल लेकर घर में घुस आए और मारने-पीटने लगे। जिसमें पीड़ित, उसकी बेटी और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी लाल बहादुर, रविन्द्र गुप्ता, पूनम, सानिया के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

सरयू नदी के विभिन्न घाटों पर देर रात तक हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

गोलाबाजार (गोरखपुर)। नगर पंचायत गोला के विभिन्न घाटों पर दो दिनों से मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन जारी रहा। बुधवार को दोपहर बाद से शुरू हुआ विसर्जन देर रात तक चलता रहा। नगर पंचायत क्षेत्र के साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों से श्रद्धालु प्रतिमाएं लेकर पवित्र सरयू नदी के घाटों पर पहुंचे। इस दौरान पक्का घाट, बरदसिया घाट विसरा घाट और रामामऊ घाट पर विसर्जन की तैयारियां की गई थीं। सुरक्षा के मद्देनजर बंद रही बिजली आपूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए विद्युत विभाग की ओर से नगर में बिजली आपूर्ति बंद रखी गई। सरयू नदी के गहरे पानी में लोगों को जाने से रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।

डीजे पर अश्लील गाना बजाने को लेकर मारपीट,छः गिरफ्तार

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में शराब पीकर डीजे पर अश्लील गाने बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया। साथ ही डीजे का चालान कर दिया गया। कोतवाल गोला सीपी पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में देवकली वार्ड नंबर 17 निवासी अमन मधेसिया उर्फ प्रदुम्न (31) पुत्र राजकुमार मधेसिया और सुनील कुमार (46) पुत्र स्व. गोरख प्रसाद, रकौली निवासी विनोद कुमार (44) पुत्र स्व. जगदीश यादव और रमेश यादव (49) पुत्र जयप्रकाश यादव, गोपालपुर निवासी शुभम त्रिपाठी (22) पुत्र ध्रुव नारायण त्रिपाठी तथा भड़सड़ा निवासी विवेक कुमार (22) पुत्र जयप्रकाश शामिल हैं। वहीं प्रथम पक्ष की ओर से गोपालपुर निवासी रितेश पांडेय (20) पुत्र अजय पांडेय का हैं। उन्होंने बताया कि गोपालपुर में शराब पीकर डीजे पर अश्लील गाने बजाने को लेकर मारपीट और विवाद की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजे का भी चालान किया गया है। सभी गिरफ्तार लोगों को आवश्यक कार्रवाई के बाद उपजिलाधिकारी गोला के समक्ष पेश किया गया।